**Fruitful Outcome of the activity:**

दिनकर जयंती (23 सितम्बर 2022 )

23 सितम्बर 2022 को हिंदी विभाग द्वारा दिनकर जयंती पर काव्य पाठ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आजादी से लेकर साहित्य के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान से छात्राओं को परिचित कराना ही मूल उद्देश्य था। उनकी प्रसिद्ध रचना 'रश्मिरथी' के कृष्ण की चेतावनी अंश के पाठ पर विशेष चर्चा हुई और उसे आज के राजनीतिक संदर्भ से जोड़कर समझाया गया। इसके साथ ही छात्राओं को हिंदी के बड़े साहित्यकारों को पढ़ने और दिनकर की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।दिनकर की जीवनी एवं उनके कृतित्व से छात्राएं प्रेरणा ग्रहण की और उनकी ओजपूर्ण कविताओं से काफी प्रभावित हुईं।


रामधारी सिंह 'दिनकर'

आरा 24-09-2022



# दिनकर जयंती पर हुआ काव्य-पाठ व क्विज

एजुकेशन रिपोर्टर | आरा

एमएम महिला कॉलेज के हिंदी विभाग में दिनकर जयंती पर काव्य पाठ एवं क्विज कराया गया। क्विज प्रतियोगिता में 50 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें प्रियंका कुमारी, कुमारी पुष्पा, रूही कुमारी, ब्यूटी कुमार और श्वेता पाठक सहित 11 छात्राओं ने सफलता हासिल की। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। काव्य गोष्ठी में अदिति कुमारी, शिवा सिंह, प्रिया कुमारी, अनीशा सिंह और निशु कुमारी ने भाग लिया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आभा सिंह ने किया। उन्होंने आजादी की भूमिका में दिनकर के योगदान को रेखांकित किया। उनकी प्रसिद्ध रचना 'रश्मिरथी' के कृष्ण की चेतावनी अंश के पाठ से सबके हृदय में वीर रस का संचार किया। हिंदी विभाग की हेड डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने छात्राओं से हिंदी के बड़े साहित्यकारों को पढ़ने और दिनकर की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शोधार्थी दुर्गेश नंदिनी ने दिनकर की जीवनी एवं कृतित्व से सभी को परिचय कराया। मौके पर डॉ. शुभा सिन्हा, डॉ. फरीदा बानो, डॉ. कुमारी शिल्पा, डॉ अनुपमा, डॉ विजयश्री, डॉ अमरेश, डॉ मनोज कुमार, डॉ स्मिता, राजबाला और डॉ रजनी नारसरिया सहित कई शामिल थे।

कलाकार मुख्य रूप से शामिल रहेंगे।

# दिनकर जयंती पर काव्य पाठ व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**आरा (रासासं):** एमएम महिला कॉलेज आरा के हिंदी विभाग द्वारा दिनकर जयंती पर काव्य पाठ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आभा सिंह ने किया। उन्होंने आजादी की भूमिका में दिनकर के योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी प्रसिद्ध रचना 'रश्मिरथी' के कृष्ण की चेतावनी अंश के पाठ से सबके हृदय में वीर रस का संचार किया। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने छात्राओं से हिंदी के बड़े साहित्यकारों को पढ़ने और दिनकर की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शोधार्थी दुर्गेश नंदिनी ने दिनकर की जीवनी एवं कृतित्व से सभी का परिचय कराया। अदिति कुमारी, शिवा सिंह, प्रिया कुमारी, अनीशा सिंह, निशु कुमारी आदि ने काव्य गोष्ठी में भाग लिया। क्विज में लगभग पचास छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें प्रियंका कुमारी, कुमारी पुष्पा, रूही कुमारी, ब्यूटी कुमारी, श्वेता पाठक आदि सहित 11 छात्राओं ने सफलता हासिल की।




महन्थ महादेवानन्द महिला महाविद्यालय,


महन्थ महादेवानन्द महिला महाविद्यालय, आरा


महिला महाविद्यालय, आरा

